हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, शनिवार, 26 अप्रैल 2025

11 विद्यार्थियों ने रैली से मलेरिया के लक्षण ...



12 युवाओं ने पहलगाम आतंकी हमले में मारे ...



## खबर संक्षेप

### सांसद पुत्र आज करेंगे कई गांवों का दौरा

**भिवानी।** भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से सांसद धर्मबीर सिंह के पुत्र मोहित चौधरी शनिवार को गांव नौरंगाबाद, बामला एक व दो, फूलपुरा, कायला, बड़ाला, धारेडू, मानेहरू, उमरावत व कोंट आदि गांवों का धन्यवादी दौरे करेंगे। सांसद धर्मबीर के मीडिया प्रभारी प्रविंद्र मांढ़ी ने बताया कि मोहित चौधरी प्रातः 9 बजे से गांवों के दौरे की शुरूआत करेंगे। इस दौरान वे ग्रामीणों से रूबरू होंगे तथा जनकल्याणकारी नीतियों की जानकारी देने के साथ-साथ ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनेंगे।

### नेटबॉल चैंपियनशिप के लिए ट्रायल 27 को

**भिवानी।** हरियाणा नेटबॉल एसो. की महासचिव बबीता ने बताया कि 2025-26 के सत्र की ट्रेडिशनल नेटबॉल, फास्ट-5 नेटबॉल, मिक्स नेटबॉल, बीच नेटबॉल के सब-जूनियर, जूनियर और सीनियर वर्ग की सभी राष्ट्रीय नेटबॉल चैंपियनशिप के लिए हरियाणा नेटबॉल की लड़के व लड़कियां दोनों वर्ग की टीमें चैंपियनशिप में भाग लेगी। चैंपियनशिप के लिए हरियाणा की दोनों वर्ग में टीमों के लिए ट्रायल 27 अप्रैल को दोपहर 3 बजे कैथल के इन्द्रा गांधी पब्लिक स्कूल में होगी। ट्रायल कम कैंप के लिए खिलाड़ी नेटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया 2025-26 की रजिस्ट्रेशन नंबर स्लिप, जन्म प्रमाण पत्र व आधार कार्ड साथ लेकर आए।

### शिकायतों का निपटान करना सुनिश्चित करें

**चरखी दादरी।** सीएम विंडो,जन-संवाद और एसएमजीटी पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का निर्धारित समयावधि में प्राथमिकता से निपटान करना सुनिश्चित करें। इन शिकायतों के समाधान की आन लाइन प्लेटफार्म पर एटीआर जरूर अपलोड करें। उपायुक्त मुनीश शर्मा डीसी ने कहा है कि सीएम विंडो मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना है, जिसको मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी स्वयं समीक्षा करते हैं। जिले के सभी अधिकारी सीएम विंडो, जनसंवाद और एसएमजीटी पोर्टल से संबंधित शिकायतों को गंभीरता से लें और इनका समयबद्ध निपटान करना सुनिश्चित करें। हररोज अपना पोर्टल जरूर चेक करें और निर्धारित समय पर एक्शन टेकन रिपोर्ट अपलोड करें।

### ओटीएस 2025 योजना का लाभ उठाएंः उपायुक्त

**चरखी दादरी।** जिला के व्यापारी सरकार की ओर से शुरू की गई ओटीएस 2025 योजना का लाभ उठाएं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सरकार आमजन को जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करने की दिशा में तत्पर है। इन्ही योजनाओं में आबकारी एवं कराधान विभाग से जुड़ी ओटीएस योजना 2025 भी शामिल हैं, जो सात प्रमुख राज्य कर कानूनों के तहत लंबित बकाया का निपटान करने में मददगार हैं। उपायुक्त मुनीश शर्मा ने बताया कि विभाग के पोर्टल पर जाकर टैक्स माफी योजना का लाभ उठा सकते हैं।

# आग का तांडवः कार रिपेयर सेंटर व किताबों की दुकान धू-धू कर जली

## लोग घरों से बाहर निकले, आधे घंटे की मशक्कत के बाद पाया आग पर काबू





भिवानी। कार रिपेयर सेंटर में लगी आग से उठता धूंआ और किताबों की दुकान में लगी आग का दृश्य। फोटो : हरिभूमि

- वर्कशाप में रखे तेल के ड्रमों के कारण भड़की आग
- दुकान में रखी लाखों रुपये की किताबें व अन्य सामान जला
- आग की सूचना मिलते ही गांव के लोग बुझाने में जुटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

शुक्रवार को शहर में आग का तांडव देखने को मिला। विकास नगर के समक्ष स्थित एक कार रिपेयर सेंटर में आग लग गई। गनीमत रही कि आग की सूचना मिलते ही दमकल विभाग का दस्ता मौके पर पहुंच गया और आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। आग से रिपेयर सेंटर में हजारों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। दूसरी तरफ गांव कितलाना में एक किताबों की दुकान में आग लग गई। आग से लाखों रुपये की किताबें जलकर राख हो गई। बाद में अग्निशमन दस्ते ने आग बुझाई। इस दौरान पुलिस व एम्बूलेंस वाहन भी पहुंच गई। ताकि किसी प्रकार अप्रिय घटना से बचा जा सके।

### कारण का पता नहीं चला

शाम को करीब साढ़े चार बजे अचानक विकास नगर के सामने औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक कार रिपेयर सेंटर में रखे कबाड़ तेल में आग लग गई। देखते देखते आग वहां पर रखे तेल के ड्रमों में आग फैल गई। वहां पर कार्य कर रहे कर्मचारियों ने इस बारे में अग्निशमन दस्ते को सूचना दी। सूचना मिलते ही अग्निशमन का दस्ता मौके पर पहुंचा। दस्ता आग बुझाने में जुट गया। इस दौरान चार गाड़ियां पहुंची। करीब आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। आग से हजारों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। आग लगने के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया,लेकिन माना जा रहा है कि आग बिजली के शॉर्ट सर्किट से लगी होगी। फिलहाल जांच जारी है।

वहीं दूसरी ओर गांव कितलाना स्थित एक किताबों की दुकान में आग लग गई। आग की सूचना मिलते ही गांव के अनेक लोग मौके पर पहुंच गए। आग बुझाने में जुट गए,लेकिन आग की लपटें ओर बढ़ गई। इस दौरान ग्रामीणों ने पम्पसेंटों से पानी का छिड़काव किया। करीब एक घंटे की कड़ी मशक्क्त के बाद आग पर काबू पाया जा सका। आग से दुकान में रखी लाखों रुपये की किताबें व अन्य सामान जलकर राख हो गया। किताब दुकान मालिक गांव नीमड़ीवाली का बताया जा रहा है।



भिवानी। प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाली टीम। फोटो : हरिभूमि

# हरियाणा वरिष्ठ महिला रग्बी सेवन टीम 17वीं रैंक पर पहुंची

- गुवाहाटी के इंदिरा गांधी एथलेटिक फील्ड में आयोजित चैंपियनशिप में प्रदेश की टीम ने शानदार प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

गुवाहाटी के इंदिरा गांधी एथलेटिक फील्ड में इंडियन रग्बी फुटबॉल यूनियन द्वारा 23 अप्रैल को आयोजित सीनियर नेशनल महिला रग्बी सेवेंस चैंपियनशिप में प्रदेश की टीम ने शानदार प्रदर्शन किया। बेहतर प्रदर्शन के कारण टीम 17वीं रैंक पर पहुंच गई। प्रदेश की महिला टीम ने कोच सुदेश कुमारी और मैनेजर राजेश तक्षक की देखरेख में इस प्रतियोगिता में भाग लिया।

### पहले दो मैचों में मिली हार

कोऑर्डिनेटर नरेंद्र मोर ने बताया प्रतियोगिता में पहले दोनों मैचों में हार का सामना करना पड़ा। अगले तीनों मैचों में टीम बेहतर खेली और एक तरफा स्कोर करके तीनों मैच जीते। अंडमान निकोबार के साथ हुए रैंकिंग मैच में हरियाणा ने 22-0 से, वहीं मध्यप्रदेश को 27-0 से शिकस्त दी और अंतिम मैच में उत्तरप्रदेश को 5-0 से हराकर 17वीं रैंक हासिल की है, जो हरियाणा की सीनियर महिला टीम का अभी तक का सबसे बेहतर रैंक है।

इस अवसर पर एसोसिएशन के प्रधान एडवोकेट मेहरचंद सांगवान, उपप्रधान ओमवीर महाराणा, अधिवक्ता जयभगवान रावलधी, अध्यक्ष डॉ. महीप्रताप, वाइस चेयरमैन जयराम प्रेमी, सैनिक प्रकोष्ठ के वाइस चेयरमैन सुबेदार जयवीर, कुलवंत फोगाट वकील, एक्स आर्मी संदीप तक्षक, महिला प्रशिक्षण सुदेश तक्षक, अकादमी के प्रशिक्षक कोच राजेश खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। शहीद भगतसिंह स्पोर्ट्स अकेडमी ने खिलाड़ियों को जीत का आशीर्वाद दिया है।

# बवानी खेड़ा नपा में स्थाई नियुक्ति नहीं होने से अटके काम

दीपक कुमार डुमड़ा ▶▶| बवानीखेड़ा

बवानी खेड़ा नगर पालिका में अहम पदों पर अधिकारियों की एडीशनल नियुक्ति की गई है जिसके चलते नगर पालिका के काम अटके हुए हैं। हालांकि नपा की छोटी सरकार भी नपा में स्थाई सचिव, एमई, जेई के न होने से असहज महसूस कर रही है। नपा प्रधान सुंदर अत्री भी पार्षदों संग बैठक करके वार्ड के विकास के मांगपत्र एकत्रित कर रहे हैं ताकि जल्द ही वार्डों में विकास की गंगा बहाई जा सके। वहीं शहरवासियों ने भी विधायक कपूर वाल्मीकि से मिलकर नपा में स्थाई नियुक्ति करवाकर विकास की गंगा बहाने की बात कही।

### सचिव एक दिन तो एमई दो दिन, कैसे होगा काम

बवानी खेड़ा नगर पालिका में लगभग एक सप्ताह पहले नपा सचिव सुनील शर्मा ने व 2 अप्रैल को एमई श्रीभगवान शर्मा ने तो बीते सप्ताह जेई संदीप ने भी एडीशनल कार्य ग्रहण किया। सचिव सप्ताह में एक दिन व एमई सप्ताह में दो दिन, जेई काम होने पर नपा कार्यालय आते हैं। स्थाई नियुक्ति न होने पर विभाग के संबंधित कार्य अधर में अटके हुए हैं। वहीं लोगों को भी कार्य करवाने और अधिकारियों के स्थाई न होने से बार-बार कार्यालय के चक्कर काटने पड़ते हैं, कर्मचारी भी स्थाई अधिकारी के सीट पर न होने के चलते चाहकर कुछ नहीं कर सकते।

- विधायक बोले मुख्यमंत्री से मिलकर करवाएंगे स्थाई नियुक्ति
- बवानी खेड़ा नगर पालिका में सचिव से लेकर जेई, एमई एडिशनल
- नपा प्रधान सुंदर अत्री भी पार्षदों संग बैठक करके वार्ड के विकास के मांगपत्र एकत्रित कर रहे हैं

### लोगों को चेयरमैन से लेकर विधायक से काफी उम्मीदें

ऐसा पहली बार देखने को मिला है जब नपा चेयरमैन व विधायक भाजपा को समर्पित है और उपर-नीचे सरकार भी भाजपा की है। लोगों का सीना भी फक्र से चौड़ा हो जाता है कि अब उन्हें किसी काम के लिए कहीं भटकना नहीं पड़ेगा। क्योंकि एक तरफ विधायक स्थानीय है और सभी को अपना समझते हैं वहीं नपा चेयरमैन भी जमीन से जुड़े हुए हैं। शहरवासियों को काफी उम्मीदें हैं कि शहर में विकास की गंगा बहेगी लेकिन नपा में सचिव, जेई, एमई एडीशनल होने से सारे काम अधर में अटके हुए हैं।

### उम्मीदों पर खरा उतरूंगा



हलका विधायक कपूर वाल्मीकि ने बताया कि शहर व हलके की जनता ने जिस विश्वास से उन्हें चुना है वे शत-प्रतिशत उनकी उम्मीदों पर खरा उतरने का काम करेंगे। नपा की छोटी सरकार चुनी गई है। नपा प्रधान जमीन से जुड़े हुए हैं। जल्द ही स्थाई सचिव, एमई,जेई की नियुक्ति करवाई जाएगी।

# खत्री खाप के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह खत्री पहुंचे तोशाम

**तोशाम।** शुक्रवार को तोशाम पहुंचे लववंशीय लोर खत्री खाप के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी सुरेंद्र सिंह खत्री ने तोशाम स्थित बाबा मुंगीपा गौशाला एवं गौ अस्पताल का निरीक्षण किया। इस दौरान प्रेस को जारी बयान में सुरेंद्र सिंह खत्री ने कहा कि गाय को हम माता का दर्जा देते हैं तो हम सबको गौ को माता मानते हुए गाय के लिए दान भी देना चाहिए। गौशाला भाईचारे तथा 36 बिरादरी एवं सभी के सहयोग से चलती है सभी को गौशालाओं में अपना सहयोग अवश्य देना चाहिए। इस दौरान सुरेंद्र सिंह खत्री ने हाल ही में पहलगाम में घटित हुई आतंकवादियों की घटना को बहुत ही कायरता पूर्ण बताया। उन्होंने लिव इन रिलेशनशिप को गलत बताते हुए कहा कि हमारे प्रदेश के मुख्यमंत्री से इस बारे में बात हुई है और उनसे हमने मांग की है कि संगोत्र में विवाह कदापि नहीं होना चाहिए और गांव की गांव में विवाह नहीं होना चाहिए।

### रुपये लूटने के मामले में छठे आरोपी को किया गिरफ्तार

**भिवानी।** थाना सदर पुलिस भिवानी ने ऑयल मिल से पिस्तौल पॉइंट पर रुपए लूटने के मामले में छठे आरोपी हो गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार राजकुमार निवासी चांग ने थाना सदर पुलिस भिवानी को शिकायत दर्ज करवाई थी। जिसमें शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि श्री श्याम ऑयल मिल चांग में बतौर मुंशी का काम करता हूं वही 21 सितंबर 2022 को शाम समय के ऑयल मिल पर बैठे हुए थे और कैश गिनकर दराज के अंदर रख दिया था तभी चार लड़कों ने पिस्टल पॉइंट पर मिल की दराज में रखें रुपए लूटकर चारों लड़के मोटरसाइकिल पर सवार होकर भाग गए थे। इसी मामले में पुलिस चौकी गुजरानी मोड़ के इंचार्ज उप निरीक्षक सज्जन सिंह की टीम ने छठे आरोपी दबोच लिया। आरोपी की पहचान बिजेंद्र निवासी चांग, जिला भिवानी के रूप में हुई है।

# क्रिकेट में रतिया प्रथम और नीलोखेड़ी द्वितीय




भिवानी। क्रिकेट प्रतियोगिता में विजेता टीम ट्राफी के साथ। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

युवाओं को नशे से दूर रखने व खेल को अपनाने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से आईसीएस कोचिंग अकादमी द्वारा भिवानी-हांसी रोड पर स्थित जी लिट्रा वैली खेल मैदान में आयोजित करवाई गई सात दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता संपन्न हो गई। आईसीएस तोशाम के निदेशक मनजीत सिंह ने बताया कि क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन अवसर पर सबसे कड़ा मुकाबला रतिया व नीलोखेड़ी की टीम के बीच हुआ। जिसमें रतिया ने नीलोखेड़ी को मात देते हुए जीत की ट्रॉफी अपने नाम की। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में रतिया, नीलोखेड़ी व असंध की टीमें क्रमशः पहले, दूसरे व तीसरे स्थान पर रही। जिन्हे क्रमशः एक लाख, 51 हजार व 21 हजार रूपये की राशि व ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। इस मौके पर आईसीएस के निदेशक परिमल ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं ना केवल खिलाड़ियों की प्रतिभा निखारती है, बल्कि उनमें टीम स्पिरिट व अनुशासन की भावना को भी बढ़ावा देती है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे शिक्षा के साथ-साथ खेलों को अपनाएं, क्योंकि खेलों से राष्ट्र की तरक्की को गति दी जा सकती है। इस मौके पर आईसीएस के सभी ब्रांचों के निदेशक सहित अन्य खेलप्रेमी मौजूद रहे।




भिवानी। अतिथियों के साथ विजेता हरियाणा की जूनियर हैंडबॉल टीम।

# जूनियर टीम ने लगातार तीसरी बार जीता गोल्ड

- 47वीं जूनियर नेशनल हैंडबॉल चैंपियनशिप में हरियाणा की टीम ने दिखाया दमखम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

उत्तर प्रदेश के अकबर में 20 से 24 अप्रैल तक करवाई गई लडक़ों के वर्ग की 47वीं जूनियर नेशनल हैंडबॉल चैंपियनशिप में हरियाणा की टीम ने स्वर्ण पदक जीतकर एक बार फिर प्रदेश का नाम देशभर में रोशन किया है। हरियाणा स्टेट हैंडबॉल एसो. के महासचिव संदीप कोंटिया ने बताया कि हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के प्रधान दिग्विजय चौटाला के मार्गदर्शन में हुई प्रतियोगिता में हरिस्वरूप साई, अशोक जांदु कोच, परमवीर सिवाच, संदीप बलौदा तकनीकी अधिकारी तथा हरीश मैनेजर रहे।

उन्होंने कहा कि हरियाणा की टीम ने प्रतियोगिता में सभी मैचों में शानदार खेल का प्रदर्शन कर जीते तथा फाइनल मैच में उत्तर प्रदेश को एक गोल से हराया। उन्होंने बताया कि हरियाणा की लड़कों की जूनियर हैंडबॉल टीम ने लगातार तीसरी बार राष्ट्रीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया है, जिसके चलते प्रदेशभर के खेलप्रेमियों में खुशी का माहौल है। हरियाणा की टीम ने जीत के लिए कई महीनों तक कड़ी मेहनत की थी, जिसका फल मिलना बहुत खास है। उन्होंने कहा कि हरियाणा की टीम के गोल्ड मैडल जीतने पर प्रदेशभर के खेलप्रेमियों में उत्साह दिखाई दे रहा है।

### इन्होंने दी बधाई

गोल्ड मेडल जीतने पर हरियाणा की टीम को हरियाणा स्टेट हैंडबॉल एसोसिएशन के पदाधिकारियों के अलावा भिवानी डीएसओ सतवीर सिंह, उपनिदेशक राममेहर सिंह, छाजूराम गोयत, जोगेंद्र बूरा प्रेमनगर, प्रेमनगर सरपंच डॉ. राजेश, धनाना सरपंच नीटू, बिंद्र धनाना, विद्यानंद कोच आदि खेलप्रेमियों ने बधाई दी।

## नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि ने नारियल फोड़कर किया गली के निर्माण कार्य का शुभारंभ

# कोई गली कच्ची नहीं रहेगी और पार्कों में लगेंगे झूले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

अब शहर के लोगों के लिए राहत भरी खबर। शहर की कोई भी गली कच्ची नहीं बचेगी। जो कॉलोनियों अप्रूव्ड हो चुकी हैं, उनकी सभी गलियों को पक्का करवाया जाएगा। इसी क्रम में नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने सेक्टर 13 की गली का निर्माण कार्य शुरु करवाए जाने का कार्य नारियल फोड़कर करवाया। इस दौरान लोगों का मुंह मीठा भी करवाया। लोगों ने गली के निर्माण कार्य शुरू करवाए जाने पर नप चयेरपर्सन प्रतिनिधि का तालियां बजाकर स्वागत किया। वार्ड संख्या एक के पार्षद सूर्या तंवर व वार्ड के लोगों ने कई मांग रखी ,जिस पर चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने जल्द पूरा करवाए जाने का आश्वासन दिया। नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि ने कहा कि शहर के किसी भी इलाके की गली कच्ची नहीं रहेगी।

उक्त गली के निर्माण पर करीब दस लाख रुपये की राशि खर्च होगी। उसके बाद क्षेत्र के लोगों को काफी सहुलियतें हो जाएगी। उन्होंने बताया कि संबंधित क्षेत्र के पार्षदों से कच्ची गलियों का ब्यौरा मांगा जाता है और जानकारी मिलते ही उनके निर्माण कार्य शुरू करवा दिया जाता है। इस मौके पार्षद सूर्या तंवर, उप प्रधान प्रतिनिधि संदीप तंवर, पवन सैनी, प्रवीन चावला, रामकिशन, राजकिशन,बलबीर सरोहा, अवतार, बलबीर के अलावा अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।



भिवानी। नारियल फोड़कर गली के निर्माण कार्य का शुभारंभ करवाते हुए।

### चेयरपर्सन प्रतिनिधि ने पार्क का किया निरीक्षण

शुक्रवार को नप के चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने सेक्टर 13 स्थित पार्क का निरीक्षण किया। वहां पर टहल रहे लोगों से बातचीत की और पार्क में जो सुविधाएं व व्यवस्थाएं लागू की गई है। उनके अतिरिक्त और क्या सहुलियत दी जा सकती है के बारे में जानकारी ली। चूंकि विगत में ही उक्त पार्क का जीर्णोद्धार करवाया गया था। लोगों की मांग के अनुरूप पार्क में झुल्ले, व्यायाम करने के लिए जिम की मशीनें स्थापित करवाई गई है। ताकि सुबह व शाम के वक्त घुमने या टहलने के लिए जो लोग आते है। वे यहां बैठकर व्यायाम भी कर सके। चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने बताया कि शुक्रवार को उन्होंने सेक्टर 13 स्थित एक गली के निर्माण कार्य का शुभारंभ करवाया है। गली जर्जर हालात में थी। इस गली के निर्माण होने के बाद वाहन चालकों को हिचकौले नहीं खाने पड़ेंगे। साथ ही उन्होंने सेक्टर स्थित पार्क का निरीक्षण किया है। निरीक्षण के दौरान यहां पर तैनात कर्मचारी को पार्क में लगी घास की सिंचाई करने को कहा है। क्योंकि इस वक्त गर्मी ज्यादा है। ज्यादा गर्मी में घास सूखने लगता है।


एक कठफोड़वा प्रति सेकंड की दर से पेड़ में 20 बार अपनी चोंच मार सकता है।


दरियाई घोड़ा इंसानों की तुलना में तेजी से दौड़ सकते हैं और इनके पसीने का रंग गुलाबी होता है।

# आंकड़ों की अच्छी समझ है तो बनाए इन क्षेत्रों में कॅरियर



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

दुनियाभर में डेटा का इस्तेमाल बढ़ रहा है, इसके साथ ही ऐसे विशेषज्ञों की मांग बढ़ रही है जो इसे समझ भी सकें और समझा भी सकें। डेटा की जरूरत को देखते हुए अब सांख्यिकी में पढ़ाई करने वालों को कई तरह की प्रोफाइल पर काम करने के मौके मिल रहे हैं। आंकड़ों को समझने का हुनर और उसे आसान भाषा में समझाने की खूबी कॅरियर को नई उड़ान दे सकती है। स्टेटिस्टिक्स यानी सांख्यिकी ऐसा ही एक विषय है। जैसे-जैसे कंज्यूमर डेटा की मांग बढ़ रही है, वैसे-वैसे सांख्यिकी के जानकारों को कॅरियर में नए मौके मिल रहे हैं। डेटा का विश्लेषण करना, इससे पॉलिसी बनाना, आर्थिक सर्वे करना इसके विशेषज्ञों का काम है। कोई भी सर्वे सांख्यिकी डेटा के बगैर संभव नहीं है।

## योग्यता

सांख्यिकी में कॅरियर बनाने के लिए 12वीं में कॉमर्स या गणित होना अनिवार्य हैं। परीक्षा कम से कम 50 प्रतिशत अंक से उत्तीर्ण होनी चाहिए। 12वीं के पास सांख्यिकी में ग्रेजुएशन और मास्टर्स कर सकते हैं। कुछ संस्थानों में सीधे दाखिला मिलता है। वहीं, कुछ इंस्टीट्यूट प्रवेश परीक्षा के आधार दाखिला देते हैं। दिल्ली, बेंगलुरू और कोलकाता के इंडियन स्टैटिस्टिकल इंस्टीट्यूट, से पढ़ाई की जा सकती है। दिल्ली यूनिवर्सिटी, अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी, सीआर राव एडवांस्ड इंस्टीट्यूट ऑफ मैथमेटिक्स, स्टैटिस्टिक्स एंड कम्प्यूटर साइंस, हैदराबाद से स्टडी कर सकते हैं।

### 0-डेटाबेस एडमिनिस्ट्रेटर

एक डेटाबेस एडमिनिस्ट्रेटर डाटा को कैटेगरीवाइज ऑर्गेनाइज करने का काम करता है। डाटा का बैकअप रखना और उसकी सिक्योरिटी पर नजर रखना भी डेटाबेस एडमिनिस्ट्रेटर का ही काम है। इसके अलावा ये विशेषज्ञ स्टेकहोल्डर को डाटा एक्सेस करने में मदद करते हैं। यह तय करते हैं कि परमिशन दी जाएगी या नहीं। डेटा को तकनीक की मदद से बेहतर तरीके से पेश करते हैं।

## 0-फाइनेंशियल एनालिस्ट



सांख्यिकी में पढ़ाई के लिए फाइनेंशियल एनालिस्ट के तौर पर भी कॅरियर बना सकते हैं। एक फाइनेंशियल एनालिस्ट बैलेंस शीट की एनालिसिस करता है। बताते हैं कि कंपनी और क्लाइंट को कब और कहां निवेश करने की जरूरत है। कंपनी और क्लाइंट के स्टॉक और बॉन्ड की जानकारी रखते हैं और उसकी एनालिसिस करके परिणाम के आधार पर सलाह देकर फायदा पहुंचाते हैं।

### मार्केट रिसर्चर

एक मार्केट रिसर्चर प्रोडक्ट और सर्विस को लेकर इंडस्ट्री के रुख को समझते हैं। उसके आधार पर भविष्यवाणी करते हैं। ये मार्केट में ट्रेंड को समझते हैं। कंपनियों को बताते हैं कि कंज्यूमर की जरूरत क्या है और क्या चलन से बाहर हो रहा है। आंकड़ों की मदद से ये जानकारी देते हैं। मार्केट से डेटा को इकट्ठा करके उसे चार्ट और रिपोर्ट के रूप में पेश करते हैं।

## डेटा साइंटिस्ट



अगर डेटा साइंटिस्ट बनना चाहते हैं तो स्टेस्टिक्स आपके लिए एक सबसे जरूरी विषय साबित होगा। आंकड़ों का डेटा सेट बनाना, डेटा मॉडल तैयार करना, पैटर्न और ट्रेंड को समझना एक डेटा साइंटिस्ट का काम होता है। एक डेटा साइंटिस्ट स्टेस्टिकल मॉडल को तैयार करने के साथ उसे लागू करने का काम भी करता है। यही वजह है कि डेटा साइंटिस्ट की मांग तेजी से बढ़ रही है।

एक सांख्यिकीविद का काम पिछले डेटा का विश्लेषण करना होता है। इसकी मदद से पॉलिसी मेकर्स नई पॉलिसी बनाते हैं। प्राइवेट और पब्लिक सेक्टर में सांख्यिकी के जानकारों की मांग बढ़ रही है। हर साल 29 जून को नेशनल स्टेस्टिटिक्स डे भी मनाया जाता है।

---

### मौसम या वातावरण के वैज्ञानिक अध्ययन को कहा जाता है मौसम विज्ञान

# 12वीं के बाद मौसम विभाग में बनाएं अपना कॅरियर, इस फील्ड में है काफी स्कोप

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

दुनिया में हर दिन बदलते मौसम को लेकर सभी देश चिंतित हैं। क्योंकि प्राकृतिक घटनाओं पर हमारा नियंत्रण नहीं है। हालांकि मौसम वैज्ञानिक आने वाले प्राकृतिक खतरे को भांप लेते हैं। मौसम वैज्ञानिक के पूर्वानुमान से लोगों की जिंदगी को बचाया जा सकता है, या फिर इस परेशानी को कुछ हद तक कम किया जा सकता है। ऐसे में अगर आप स्टूडेंट है तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि आप मौसम वैज्ञानिक कैसे बन सकते हैं और इसमें कितने प्रकार का कोर्स होता है।

## ग्रेजुएट स्तर पर तीन साल का कोर्स




### क्या है मौसम विज्ञान



बता दें कि मौसम या वातावरण के वैज्ञानिक अध्ययन को मौसम विज्ञान कहा जाता है। यह मौसम की क्रिया-प्रतिक्रिया, पूर्वानुमान पर आधारित होता है। इसके तहत कई विषयों पर शोध व अध्ययन किया जाता है।

### एग्रीकल्चर मीटियोरोलॉजी

फसलों की पैदावार और उससे होने वाले फायदे व नुकसान का आंकलन मौसम के अनुरूप दी जाती है। मौसम के हिसाब से गाइडलाइन जारी की जाती है। जिसमें मिट्टी प्रबंधन के लिए उपयोगी समय और फसलों की पैदावार का आंकलन किया जाता है।

### फिजिकल मेटियोरोलॉजी

इसमें मौसम के इलेक्ट्रिकल, ध्वनिक, ऑप्टिकल और थर्मोडायनामिक घटनाओं का अध्ययन किया जाता है।

### सैटेलाइट मेटियोरोलॉजी

सैटेलाइट मेटियोरोलॉजी में सैटेलाइट के माध्यम रिमोट सेंसिंग उपकरणों से आने वाले डाटा के आधार पर महासागर और वायुमंडल का अध्ययन किया जाता है।

### डाइनामिक मेटियोरोलॉजी

इस विषय में पृथ्वी और उसके आसपास वायु की गति का अध्ययन होता है। इसके साथ ही बादल, बारिश, तापमान और हवा के पैटर्न पर भी अध्ययन होता है। जो मनुष्य को प्रभावित करती है।

## हमारे देश में मौसम वैज्ञानिकों की भारी कमी

### सिनॉप्टिक मेटियोरोलॉजी

स विषय में मौसम संबंधी बाधाओं जैसे ट्रापिकल साइक्लोन, एंटी साइक्लोन और फ्रंटल डिप्रेशन का बारीकी से अध्ययन किया जाता है। कम दबाव के क्षेत्र में वायु, चक्रवात, क्षेत्र, जल और दबाव स्तर से एकत्र होने वाला मैप जो कि पूरी दुनिया के मौसम का सिनाप्टिक व्यू को बताता है।

### क्लाइमेटोलॉजी

क्लाइमेटोलॉजी के जरिए जलवायु और उससे जुड़ी चीजों का अध्ययन किया जाता है। जलवायु के प्रभाव और उसके बदलवा पर भी शोध किया जाता है।

### एविएशन मेटियोरोलॉजी

एविएशन मेटियोरोलॉजी पर एविएशन इंडस्ट्री के नजरिए से मौसम का शोध होता है। वहीं प्राप्त आंकड़े से पूर्वानुमान लगाया जाता है।

### कोर्स और योग्यता

हमारे देश में आज भी मौसम वैज्ञानिकों की भारी कमी है। इस बात को ध्यान में रखते हुए देश के बहुत से कॉलेजों एवं विश्वविद्यालयों में मीट्रिओलॉजी संबंधित कोर्स चलाए जा रहे हैं। जो युवा इस क्षेत्र में भविष्य बनाना चाहते हैं, वे इसमें अंडरग्रेजुएट और पोस्टग्रेजुएट योग्यता हासिल कर सकते हैं। अंडग्रेजुएट कोर्स के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता किसी भी मान्यता प्राप्त संस्थान से विज्ञान वर्ग भौतिकी, जीव विज्ञान और रसायन विज्ञान से 12वीं पास होना जरूरी है। ग्रेजुएट स्तर का कोर्स तीन साल का है। अगर आप इसमें पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री लेना चाहते हैं तो इसके लिए किसी भी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से आपका बीएससी होना जरूरी है।

---

मेमोरी शार्प करने के तरीके

# रटने की जगह इन टिप्स की मदद से करेंगे पढ़ाई तो लंबे समय तक याद रहेंगे चैप्टर

**अक्सर छात्रों के** साथ यह समस्या होती है कि वह चाहे कितना भी प्रयास कर लें, लेकिन उनके द्वारा याद किए हुए चैप्टर्स याद नहीं रहते। या फिर जो वह पढ़ते हैं यदि वह याद भी रहा तो एग्जाम के समय सब भूल जाते हैं। अगर आपके बच्चे के साथ भी इस तरह की समस्या तो यह आर्टिकल आपके लिए है। बता दें कि इस आर्टिकल के जरिए आज हम आपको पढ़ाई करने के कुछ ऐसे टिप्स के बारे में बताने जा रहे हैं। जिन्हें फॉलो कर आप अपनी मेमोरी को शार्प कर सकते हैं। आइए जानते हैं इन टिप्स के बारे में...

### नोट्स जरूर बनाएं

स्टूडेंट्स को पढ़ाई करते समय कॉपी पेन लेकर जरूर बैठना चाहिए। साथ ही आप जरूरी प्वाइंट्स को नोट करते हुए चलें। ऐसा करने से आपको चीजें लंबे समय तक याद रहेंगी। क्योंकि लिखकर बनाए गए नोट्स ज्यादा समय तक आपके दिमाग में टिकती हैं।

### जरूर लें ब्रेक्स

जब आप लगातार कई घंटो तक पढ़ाई करते रहते हैं तो आपका ब्रेन थक जाता है और रिटेन नहीं कर पाता है। ऐसे में जरूरी है कि आप हर आधे घंटे में खुद को 5 मिनट का ब्रेक दें। इससे आपके ब्रेन को भी आराम मिलेगा और पढ़ा हुआ लंबे समय तक याद रहेगा।

### फोकस रहें

जब आप पूरे फोकस के साथ पढ़ाई करते हैं तो आपको चीजें ज्यादा समय के लिए याद रहती हैं। लेकिन जब आपका ध्यान कहीं और होता है तो आप पढ़ा हुआ भूल जाते हैं। फोकस के साथ पढ़ाई करने से आप ज्यादा से ज्यादा इंफॉर्मेशन को अधिक समय तक याद रख पाएंगे।

### रिवीजन करें

पढ़ी हुई चीज को याद रखने का सबसे अच्छा तरीका है कि जो भी आप पढ़ रहे हैं, उसे दूसरों को भी समझाएं व पढ़ाएं। ऐसा करने से आपका रिवीजन होता है। या आप चाहें तो अपेन किसी दोस्त के साथ पढ़े हुए चैप्टर्स पर चर्चा कर सकते हैं। इससे पढ़ा हुआ चैप्टर भूलने की संभावना न के बराबर होती है।

### रिलेट करें

किसी भी चीज को पढ़ते समय कोशिश करें कि आप उसे रियल लाइफ से रिलेट कर पाएं। इससे याद किया हुआ पक्का हो जाता है। इस तरह से पढ़ने से आप पढ़े हुए चैप्टर्स को अच्छे से समझ पाएंगे और लंबे समय तक याद भी रख पाएंगे।

### रटने की कोशिश न करें

कई स्टूडेंट्स चैप्टर्स को रटने की कोशिश करते हैं। ऐसे में चैप्टर को अच्छे से समझ कर पढ़ना चाहिए। रट्टा मारने की कोशिश न करें। क्योंकि रट्टा मारने से आपको लंबे समय तक पढ़ी हुई चीजें याद नहीं रहेंगी, इसलिए समझना जरूरी है।

### गोल्स जरूर बनाएं

हर छात्र को अपने जीवन में गोल्स जरूर बनाने चाहिए। हर हफ्ते छोटे-छोटे गोल्स जरूर बनाएं। फिर इन गोल्स को पूरा करने का प्रयास करें। ऐसा करने से भी आपको एग्जाम के दौरान स्ट्रेस नहीं होगा। पढ़ा हुआ भी लंबे समय तक याद रहेगा।

---

# हमारे राष्ट्र की सुरक्षा: आतंकवाद जैसी घटनाओं से निपटने के लिए बड़ी प्रेरणा



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

आप हमारे देश का भविष्य हैं। आपकी ऊर्जा, उत्साह और ज्ञान ही वह शक्ति है जो हमारे राष्ट्र को मजबूत और सुरक्षित बनाएगी। आज, जब हम आतंकवाद जैसी गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, यह जरूरी है कि आप न केवल अपने व्यक्तिगत लक्ष्यों पर ध्यान दें, बल्कि राष्ट्र की सुरक्षा में भी अपनी भूमिका समझें। आतंकवाद और अन्य प्रतिकूल परिस्थितियाँ हमें कमजोर करने की कोशिश करती हैं, लेकिन यह हमारा दायित्व है कि हम इनका डटकर मुकाबला करें और अपने देश को सुरक्षित रखें। इस लेख में, हम करेंगे कि आप, एक विद्यार्थी के रूप में, अपने देश की सुरक्षा में कैसे योगदान दे सकते हैं।

## छात्रा के रूप में आप दे सकते हैं बड़ा योगदान

### 1. जागरूकता : पहला कदम सुरक्षा की ओर

- राष्ट्र की सुरक्षा की शुरुआत जागरूकता से होती है। आतंकवाद और अन्य खतरों से निपटने के लिए हमें अपने आसपास के माहौल को समझना होगा।
- **सतर्क रहें:** अपने आसपास होने वाली असामान्य गतिविधियों पर नजर रखें। अगर आपको कुछ संदिग्ध लगे, तो तुरंत स्थानीय पुलिस या प्रशासन को सूचित करें।
- **सोशल मीडिया पर सावधानी:** आतंकवादी और असामाजिक तत्व अक्सरसोशल मीडिया का उपयोग भ्रामक जानकारी फैलाने के लिए करते हैं। ऐसी अफवाहों को न फैलाएँ और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करें।
- **शिक्षा का उपयोग:** अपने स्कूल या कॉलेज में सुरक्षा से संबंधित कार्यशालाओं और सेमिनारों में भाग लें। यह आपको आपातकालीन परिस्थितियों में सही निर्णय लेने में मदद करेगा।

### 2. तकनीक का उपयोग: एक शक्तिशाली हथियार

- आज तकनीक का युग है। विद्यार्थी के रूप में, आप तकनीक का उपयोग करके राष्ट्र की सुरक्षा को मजबूत कर सकते हैं।
- **साइबर सुरक्षा:** साइबर आतंकवाद एक बड़ी चुनौती है। अपने डिजिटल उपकरणों को सुरक्षित रखें, मजबूत पासवर्ड का उपयोग करें और अनजान लिंक या ईमेल से बचें।
- डेटा विश्लेषण और तकनीकी नवाचार: अगर आप तकनीक में रुचि रखते हैं, तो डेटा विश्लेषण, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (**AI**), और साइबर सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में विशेषज्ञता हासिल करें। ये कौशल राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसियों के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं।
- जागरूकता फैलाएँ: तकनीक का उपयोग करके अपने दोस्तों और परिवार को आतंकवाद के खतरों और उनसे बचने के तरीकों के बारे में शिक्षित करें।

### 3. शारीरिक और मानसिक मजबूती

- राष्ट्र की सुरक्षा के लिए शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत होना जरूरी है। आतंकवाद जैसी घटनाएँ हमें डराने की कोशिश करती हैं, लेकिन हमें इनसे डरने के बजाय इनका सामना करने के लिए तैयार रहना चाहिए।
- **शारीरिक फिटनेस:** नियमित व्यायाम और खेलकूद से अपनी शारीरिक क्षमता को बढ़ाएँ। यह न केवल आपको स्वस्थ रखेगा, बल्कि आपातकाल में त्वरित प्रतिक्रिया देने में भी मदद करेगा।
- **मानसिक दृढ़ता:** ध्यान, योग और प्रेरक किताबें पढ़कर अपने मन को मजबूत करें। डर और तनाव को नियंत्रित करने की क्षमता आपको कठिन परिस्थितियों में सही निर्णय लेने में सक्षम बनाएगी।
- **प्रशिक्षण लें:** अपने स्कूल या कॉलेज में प्राथमिक चिकित्सा (फर्स्टएड) और आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण लें। यह आपको और दूसरों को आपातकाल में बचाने में मदद करेगा।

## भेदभाव से बचें

### 4. राष्ट्रीय एकता और सामाजिक सद्भाव

- आतंकवाद का एक प्रमुख उद्देश्य समाज में विभाजन पैदा करना होता है। विद्यार्थी के रूप में, आप सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देकर इस मंसूबे को नाकाम कर सकते हैं।
- **सभी को जोड़ें:** जाति, धर्म या क्षेत्र के आधार पर भेदभाव से बचें। अपने दोस्तों और सहपाठियों के साथ एकता का संदेश फैलाएँ।
- **सकारात्मक संदेश:** अपने स्कूल या कॉलेज में राष्ट्रीय एकता और शांति से संबंधित कार्यक्रम आयोजित करें, जैसे नाटक, वाद-विवाद या पोस्टर प्रतियोगिताएँ।
- **स्वयंसेवक बनें:** सामुदायिक सेवा में भाग लें और अपने आसपास के लोगों को एकजुट करने में मदद करें।

### 5. कैरियर के माध्यम से योगदान

- राष्ट्र की सुरक्षा में योगदान देने के लिए आपको सैनिक बनना जरूरी नहीं है। विभिन्न क्षेत्रों में काम करके भी आप देश की सेवा कर सकते हैं।
- **सुरक्षा बलों में शामिल हों:** अगर आपमें जोश और देशभक्ति है, तो सेना, नौसेना, वायुसेना, पुलिस या अर्धसैनिक बलों में शामिल होने पर विचार करें।
- **वैज्ञानिक और तकनीकी विशेषज्ञ:** रक्षा अनुसंधान और तकनीकी विकास में योगदान देने के लिए वैज्ञानिक या इंजीनियर बनें।
- **पत्रकारिता और कानून:** पत्रकारिता के माध्यम से जागरूकता फैलाएँ या कानून के क्षेत्र में काम करके आतंकवाद के खिलाफ कानूनी लड़ाई को मजबूत करें।
- आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में सबसे बड़ा हथियार है हमारा हौसला। डर को अपने ऊपर हावी न होने दें। हर कठिन परिस्थिति में एक अवसर छिपा होता है। आतंकवाद जैसी घटनाएँ हमें कमजोर करने की कोशिश करती हैं, लेकिन यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम इनका डटकर मुकाबला करें।

---

## सामान्य ज्ञान

**1.** निम्नलिखित में से कौन सा खनिज केरल में बहुतायत से मिलता है ?
(ए) टिन
(बी) मैगनीज
(सी) अभ्रक
(डी) मोनाजाईट

**2.** सवैधानिक स्थिति के अनुसार खनिजों पर किसका अधिकार है ?
(ए) राज्य सरकार का
(बी) केंद्र सरकार का
(सी) उर्युक्त दोनों का
(डी) इनमे से कोई नहीं

**3.** नेशनल मिनरल डेवलपमेंट कोर्प्रेशन ऑफ़ इण्डिया की हीरे की खान कहाँ है ?
(ए) डिगबोई
(बी) जयपुर
(सी) झारसुगुडा
(डी) पन्ना

**4.** भारत में निम्नलिखित में से कौन-सा राज्य एस्बेस्टस का सर्वाधिक उत्पादक है ?
(ए) मध्य प्रदेश
(बी) आंध्र प्रदेश
(सी) कर्नाटक
(डी) राजस्थान

**5.** भारत के प्रथम खनिज नीति कब घोषित हुयी थी ?
(ए) 1951 में
(बी) 1961 में
(सी) 1972 में
(डी) 1976 में

**6.** भारत सरकार द्वारा नई राष्ट्रीय खनिज निति की घोषणा किस वर्ष की गई?
(ए) 1991 ई०
(बी) 1992 ई०
(सी) 1993 ई०
(डी) 2008 ई०

**7.** भारत में टिन का अग्रगण्य उत्पादक है -
(ए) ओडिशा
(बी) मध्यप्रदेश
(सी) झारखण्ड
(डी) छतीसगढ़

**8.** स्वर्ण मुखत्या कहाँ पाया जाता है ?
(ए) पन्ना
(बी) कटनी
(सी) कोलार
(डी) खेतड़ी

उत्तर 1.(डी) 2.(ए) 3.(डी) 4.(डी) 5.(ए) 6.(डी) 7.(डी) 8.(सी)

**खबर संक्षेप**

### भाजपा नेता शेखावत की भाभी का निधन

**लोहारू।** वरिष्ठ भाजपा नेता विजय शेखावत की भाभी आनंदी देवी शुक्रवार को हृदय गति रुकने से निधन हो गया। वे 82 वर्ष की थी। बता दें कि आनंदी देवी स्वतंत्रता संग्राम के प्रमुख नेताओं में शामिल रहे स्व. ठाकुर भगवंत सिंह की बड़ी पुत्रवधु थी। वे अपने पीछे नाति पुत्रों का भरा पूरा परिवार छोड़ गई हैं। उनका अंतिम संस्कार ढाणी भगवंत सिंह में किया गया।

### चौ बंसीलाल कॉलेज में हॉबी क्लब गतिविधि संपन्न

**लोहारू।** चौ. बंसीलाल राजकीय महाविद्यालय के इतिहास विभाग में प्राचार्य डॉ. मुकेश चहल की अध्यक्षता में एम. ए. इतिहास की पूर्वार्ध और उत्तरार्ध कक्षाओं के लिए हॉबी क्लब गतिविधि का आयोजन किया गया। इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. सुखवीर सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम में हॉबी को विषय के रूप में शामिल किया गया है जिसके अन्तर्गत विद्यार्थियों ने हॉबी क्लब में कुकिंग को चुनते हुए अलग-अलग समूह बनाकर विभिन्न व्यंजन तैयार किए।

### उठान कार्य में तेजी लाएं अधिकारी : उपायुक्त

**चरखी दादरी।** जिला की विभिन्न अनाज मंडियों में सरसों एवं गेहूं की खरीद नियमानुसार सुचारू रूप से चल रही है। उपायुक्त मुनीश शर्मा ने संबंधित अधिकारियों और खरीद एजेंसियों को निर्देश दिए हैं कि उपज खरीद के साथ ही उठान कार्य पूरा किया जाए।

## विश्व मलेरिया दिवस पर निकाली जागरूकता रैली

# विद्यार्थियों ने रैली से मलेरिया के लक्षण व बचावों की जानकारी दीं

सिविल सर्जन डॉ. रघुवीर शांडिल्य ने प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर आने वाले बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

विश्व मलेरिया दिवस पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा हमारा अपना फाउंडेशन के साथ मिलकर एसएसडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में पेंटिंग, क्विज प्रतियोगिता करवाई गई। विद्यार्थियों ने जागरूकता रैली के माध्यम से मलेरिया से बचाव का संदेश दिया। सिविल सर्जन डॉ. रघुवीर शांडिल्य ने प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर आने वाले बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

सिविल सर्जन डॉ. शांडिल्य ने बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने विश्व मलेरिया दिवस को वर्ष 2008 से व्यापक स्तर पर मनाना शुरू किया था। स्वास्थ्य विभाग का लक्ष्य जिला भिवानी को वर्ष 2030 तक मलेरिया मुक्त बनाना है। जिसमें सभी जिला वासियों का सहयोग जरूरी है। उन्होंने बताया कि जिले में स्वास्थ्य विभाग के सभी संस्थानों तथा जिला मुख्यालय पर विश्व मलेरिया दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि इन कार्यक्रमों में नागरिकों को मलेरिया के लक्षण व बचाव की जानकारी दी गई है। उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि तेज बुखार आना, सिरदर्द होना, उल्टियां होना, सर्दी लगना आदि मलेरिया के लक्षण हैं। बुखार होने पर तुरन्त अपने नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र पर जाकर खून की जांच करवाएं। मलेरिया पाए जाने पर 14 दिन का पूर्ण उपचार करवाएं अन्यथा मलेरिया फिर से होने की संभावना बनी रहती है। मलेरिया से बचाव के लिए अपने घर के आस-पास पानी जमा ना होने दें, यदि यह संभव हो तो खड़े पानी में मिट्टी का तेल या काला तेल डाल दें। हमेशा पूरी बाजू के कपड़े पहनें ताकि मच्छर न काट सकें। इस दौरान सिविल सर्जन ने पेंटिंग प्रतियोगिता के बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। स्कूल प्राचार्य ने बच्चों को कहा कि मलेरिया से मुक्ति तभी संभव है जब प्रत्येक बच्चा इस सन्देश को अपने आसपास प्रत्येक व्यक्ति तक पहुचांएगा तथा सप्ताह में एक दिन अपने घर की साफ सफाई करेगें। उन्होंने कहा कि कूलर, टंकी, होदी, गमले, फ्रिज आदि की नियमित रूप से सफाई करें। उप सिविल सर्जन उप सिविल सर्जन डा. राकेश खटक, ने बताया कि मलेरिया की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाकर गांव के तालाबों में गंबूजिया मछली डालने का अभियान चलाया गया है। घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करने का कार्य कर रहे हैं।



**भिवानी।** रैली को झंडी दिखाकर रवाना करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*


**चरखी दादरी।** विद्यार्थियों को मलेरिया से बचाव की जानकारी देते अध्यापक।

### विश्व मलेरिया दिवस मनाया

**तोशाम।** शुक्रवार को क्षेत्र के गांव खरकड़ी सोहान में स्थित राजकीय प्राथमिक पाठशाला में विश्व मलेरिया दिवस मनाया गया। इस दौरान उपस्थित विद्यार्थियों को मलेरिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। मलेरिया के बारे में जानकारी देते हुए विद्यालय के मुख्य अध्यापक राजकुमार ग्रेवाल ने मलेरिया के लक्षणों के बारे में बताया तथा इससे बचाव के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी। इस दौरान स्कूली बच्चों ने मलेरिया से बचाव के लिए ग्रामीणों को जागरूक करने हेतु एक जागरूकता रैली भी निकाली। इस मौके पर विद्यालय के समस्त स्टाफ सदस्य तथा अनेक विद्यार्थी मौजूद थे।

### पानी के बर्तनों व टंकियों को ढककर रखें

**चरखी दादरी।** विश्व मलेरिया दिवस अवसर पर गांव खेड़ी बत्तर राजकीय माध्यमिक विद्यालय में कार्यक्रम का अयोजन किया गया। मुख्य अध्यापिका पूनम बुरा के निर्देशानुसार कार्यक्रम का आयोजन हुआ। विज्ञान अध्यापक रविंद्र सांगवान ने बताया कि मलेरिया संक्रमित मच्छर के काटने से फैलता है, इसके बचाव के लिए मच्छरों को अपने आसपास न पनपने दें। उन्होंने बतायसा कि मलेरिया से बचाव के तौर पर पानी के बर्तनों व टंकियों को ढककर रखें। अपने आसपास गंदा पानी जमा न होने दे इसके अलावा खड़े पानी में मिट्टी का तेल या काला तेल डाल दें। सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग अवश्य करें। घरों के अंदर वह आसपास के गड्ढे में 7 दिन से अधिक पानी इकट्ठा न होने दें। सप्ताह में कम से कम एक दिन अपने घर पानी से भरे बर्तनों, कूलर, टंकी, फ्रिज-ट्रे, गमले इत्यादि को खाली करके सुखाएं ताकि मच्छर के अंडे व लारवा मर जाए। मलेरिया में रोगी को तेज बुखार होता है, सर दर्द होता है, वह उल्टियां लग जाती हैं। उन्होंने कहा कि मलेरिया एक जानलेवा बीमारी है जो कि मादा एनाफ्लीज मच्छर के काटने से होती है। यह मच्छर वातावरण में नमी व गंदे पानी के ठहराव से पनपता है। अतः हमें साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखना चाहिए।

## सिमरन और इशिका बनी मिस पर्सनलिटी


**भिवानी।** शिक्षकों के साथ छात्राएं। *फोटो : हरिभूमि*

■ राजीव गांधी राजकीय महिला कॉलेज में विदाई पार्टी हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय में बीए, बीसीए और बीएससी के अंतिम वर्ष की छात्राओं के लिए भव्य विदाई पार्टी का आयोजन किया। विदाई पार्टी का आगाज कॉलेज प्राचार्य त्रिलोकचंद के द्वारा बच्चों को आशीर्वाद व उज्जवल भविष्य की शुभकामनाओं के साथ किया।

पार्टी का आयोजन डॉ. कविता, डॉ. सुमित्रा व प्रोफेसर अनीता शर्मा के निर्देशन में बीए द्वितीय वर्ष की छात्राओं अनुसुईया, तमन्ना, दृष्टि, मिनाक्षी, नेहा, घनिष्ठता और नम्रता ने किया। इस अवसर पर छात्राओं ने अपने कॉलेज जीवन के अनुभवों को सांझा किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कलां संकाय से मिस फेयरवेल ईशा, मिस पर्सनालिटी सिमरन, मिस टलेंटेड पूजा ने व विज्ञान संकाय से मिस फेयरवेल इशा, मिस पर्सनालिटी इशिका और मिस टैलेंटेड का खिताब महक को दिया। इन सभी छात्राओं को प्राचार्य त्रिलोकचन्द व प्रोफेसर श्वेता ने बैज लगाकर सम्मानित किया। मीडिया प्रभारी प्रोफेसर अजीत कुमार ने बताया कि जज की भूमिका डॉ. ज्योति, मोनिका और प्रोफेसर शर्मिला ने निभाई। इस अवसर पर कॉलेज के डॉ. रेनू बाला, डॉ. नविता , डॉ. रूपम, प्रोफेसर मोनिका, प्रोफेसर सुनीता वर्मा आदि मौजूद रहे।

### तीसरे दिन वार्ड 3 और 4 में की सफाई

**बवानीखेड़ा।** नगर पालिका अध्यक्ष सुंदर अत्री खुद सफाई कर्मचारियों के साथ वार्ड पार्षदों को लेकर इस अभियान में वार्ड में उतरे उन्होंने वार्ड पार्षदों के साथ गली-गली जाकर वार्ड वासियों को सफाई व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रेरित किया और आह्वान किया की गर्मी के इस मौसम में पानी की बहुत किल्लत होती है उससे निपटने के लिए हमें घर-घर व्यर्थ पानी बहने से बचाओ अभियान भी चलाना होगा हमें व्यर्थ बहते हुए पानी को रोकना होगा घरों में पानी पर्याप्त मात्रा में भरकर अपने नलों से पानी को व्यर्थ नहीं बहने देना होगा। नगर पालिका अध्यक्ष सुंदर अत्री ने वार्ड वार्ड पार्षदों की मौजूदगी में सफाई कर्मचारियों को दिशा निर्देश भी दिया की प्रत्येक गली में रोजाना सफाई नियमित रूप से होनी चाहिए ,वार्ड पार्षद अपने वार्ड की सफाई को लेकर उत्साहित है ।

## नशा विरोधी मुहिम के तहत प्रतियोगिता का आयोजन

■ भाषण में तमन्ना प्रथम और दूसरे स्थान पर तानिया व तीसरे स्थान पर मोनिका रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बवानीखेड़ा

गांव सुई के राजकीय वरिष्ठ माध्मिक विद्यालय में नशा विरोधी मुहिम को लेकर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। हरियाणा से नशा मिटाने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग ने अपने कदम उठाने शुरू कर दिए है। इसी कड़ी में सुई के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की टीम ने सुई के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के छात्रो की नशा विरोधी मुहिम की प्रतियोगिता आयोजित करवाई। कार्यक्रम में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ0 कमल की अगुवाई में आयोजित इस प्रतियोगिता में नशे के दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी दी गई साथ ही कहा गया कि तंबाकू हमारे स्वास्थ्य के लिए काफी हानिकारक है। कार्यक्रम में बोलते हुए डॉ.कमल ने कहा कि हरियाणा के युवा नशे की और अग्रसर ना हो इसके लिए हरियाणा की सरकार बेहतर प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा की नशा युवाओं के लिए काफी घातक है और हमे इससे बचना चाहिए। इस मौके पर नशा निषेध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे ग्यारहवीं कक्षा की तनीषा प्रथम रही वही दूसरे स्थान पर उषा और जतिन रहे, तीसरे स्थान पर नितेश और शंकर रहे। इस अवसर पर नशा मुक्ति पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में तमन्ना प्रथम और दूसरे स्थान पर तानिया व तीसरे स्थान पर मोनिका रही। कार्यक्रम में विद्यालय प्राचार्य राजेश कुमार व डॉ0 कमल ने सभी बच्चो को सम्मानित किया। कार्यक्रम में एमपीएचडब्ल्यू भूपेंद्र व फार्मासी अधिकारी गणेश कुमार व प्रवक्ता वेद प्रकाश, नरेश कुमार ऋतु व सीमा उपस्थित थे।

## नशे पर अंकुश के लिए आमजन करें सहयोग

■ उपायुक्त महावीर कौशिक की अध्यक्षता में एनकॉर्ड की जिला स्तरीय कमेटी की समीक्षा बैठक में किया आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

उपायुक्त महावीर कौशिक की अध्यक्षता में लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए हॉल में एनकॉर्ड की जिला स्तरीय कमेटी की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में पुलिस अधीक्षक मनबीर सिंह और एसडीएम महेश कुमार भी मौजूद रहे। डीसी ने कहा कि नशे पर पूर्णरूप से अंकुश लगाने के लिए आमजन का जागरूक होना जरूरी है। आमजन को चाहिए कि वे नशे पर लगाम लगाने के लिए जिला प्रशासन का सहयोग करें। ड्रग्स का सेवन करने व बेचने वाले की सूचना प्रशासन को दें।

डीसी ने जिले की आमजन से आह्वान करते हुए कहा कि नशे के खिलाफ हम सबको मिलकर एक बेहतर वातावरण तैयार करना होगा। ऐसा वातावरण तैयार करने में प्रत्येक नागरिक को अपनी भूमिका निभानी होगी। विशेषकर गांव व शहरों के प्रबुद्ध लोगों को इस बारे में जागरूक होना होगा। उन्होंने कहा कि युवाओं के भविष्य को बचाने के लिए ड्रग्स आदि नशीले पदार्थों पर पूर्ण रूप से रोकथाम जरूरी है। इसके साथ-साथ युवाओं का भी नशा न करने के प्रति जागरूक होना आवश्यक है। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे अपने-अपने संस्थानों में रिर्सोस पर्सन के माध्यम से युवाओं को नशे के विरुद्ध जागरूक करें। इसके लिए विद्यालयों, कॉलेजों, विश्वविद्यालय व अन्य शिक्षण संस्थानों में एक अभियान चलाया जाए। जिला के अंतर्गत आने वाले सभी स्कूलों, कॉलेजों, विश्वविद्यालयों व अन्य शिक्षण संस्थानों के मुख्य द्वार पर नशे के विरुद्ध जागरूकता सामग्री लिखवाएं। शिक्षण संस्थानों में उचित जगहों पर वॉल पेंटिंग के माध्यम से सूचना देने के लिए मोबाइल नंबर को अंकित किया जाए। उपायुक्त महावीर कौशिक ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि प्रतिबंधित दवाओं की ब्रिकी पर विशेष निगरानी की जाए। उन्होंने कहा कि बहुत से लोग नशे के लिए प्रतिबंधित दवाओं का प्रयोग भी करते हैं। नशीली दवाओं के दुरुपयोग को रोकने के बारे में जागरूकता फैलाने और जनता को संवेदनशील बनाने में शिक्षा विभाग और ड्रग कंट्रोल सेल की महत्वपूर्ण भूमिका होनी चाहिए।

### जिम्मेदारी निभाएं

उन्होंने कहा कि प्रशासनिक अधिकारी व्यक्तिगत स्तर पर पूरी मुस्तैदी, जिम्मेवारी एवं दायित्व के साथ अपने कर्तव्य को निभाएं। उन्होंने शिक्षा व खेल विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे बच्चों को खेलों के प्रति रुझान बढ़ाने की प्रेरणा दें ताकि नशे से बचा जा सकें।

### विद्यार्थियों ने सीखी मिट्टी के मटके बनाने की कला



**बवानी खेड़ा।** बवानी खेड़ा के ढ़ाणी यादव स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा दयावंती, संतोष, विजय कुमार, कैलाश आदि संग मिलकर कुम्हारों द्वारा बनाए जा रहे घड़ो, दीए, सुराई आदि सीखे। शिक्षकों ने बच्चों को बताया कि कुम्हार मिट्टी को हाथ से जो आकार दे देता है मिट्टी वही रूप धारण कर लेती है और इसमें पानी डालने से पानी ठंडा रहता है ओर शरीर के लिए लाभप्रद होता है। उसी प्रकार बच्चे भी मिट्टी की तरह होते हैं शिक्षक भी बच्चों को ज्ञान सिखाता है और वे उसी आकार में ढ़ल जाते हैं। शिक्षकों ने बच्चों को अच्छे संस्कार ग्रहण करके जीवन में अमल लाने के लिए प्रेरित किया।

## डीएससी समाज को मुख्यधारा में ला रही सरकार

■ समाज ने कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा को दिया डीएससी रत्न का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

सहकारिता, कारागार, विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वंचित अनुसूचित जाति (डीएससी) को मुख्यधारा में लाने व उनको अधिकार दिलाने का काम किया है। आज डीएससी समाज शैक्षणिक, सामाजिक, आर्थिक स्तर पर सशक्त हो रहा है।

समाज द्वारा रखी गई डीएससी आयोग के गठन की मांग पर कैबिनेट मंत्री डॉ ने कहा कि इस विषय में एक प्रतिनिधिमंडल के तौर पर जल्द ही मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात की जाएगी।

सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा शुक्रवार को गांव पालुवास स्थित कबीर चौक पर डीएससी यूथ ब्रिगेड द्वारा भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती एवं सन्त कबीर पुस्तकालय के शुभारम्भ अवसर पर आयोजित समारोह को बतौर मुख्यातिथि संबंधित कर रहे थे। कैबिनेट मंत्री डॉ शर्मा ने कहा कि बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर हमेशा सामाजिक समानता, समाज सुधार के लिए संघर्षशील रहे। उन्होंने जन्म भले ही मध्यप्रदेश के महु में लिया, लेकिन वो दुनिया के हर कोने में फैले भारतीयों के दिल में विशेष स्थान रखते हैं।

उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने विपरीत परिस्थितियों का सामना करते हुए समाज के अंदर की चुनौतियों का सामना करते हुए सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक व संवैधानिक क्षेत्र में काम करते हुए देश को मजबूत संविधान दिया। कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमेशा समाज में गरीब व वंचित वर्ग के उत्थान के लिए काम किया। इसी कड़ी में वंचित अनुसूचित जाति (डीएससी) को आरक्षण में वर्गीकरण का अधिकार दिलाने का मार्ग प्रशस्त किया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने डीएससी समाज को वर्गीकरण में आरक्षण देने के सुप्रीम कोर्ट के निर्णय को हरियाणा में लागू करने में क्षणभर की देरी नहीं की। उनकी यह पहल डीएससी समाज को मुख्यधारा में लाने में मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने समाज के प्रबुद्धजनों से आह्वान किया कि वो युवा पीढ़ी को अच्छे संस्कार देते हुए उन्हें शिक्षा ग्रहण करने व कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित करें, ताकि भाजपा सरकार द्वारा उनके लिए बनाए गए अनुकूल माहौल का युवा लाभ उठा सकें।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बवानी खेड़ा से विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि ने समाज के लोगों से आह्वान किया कि वे अपने बच्चों को शिक्षित करें।


**भिवानी।** कार्यक्रम में मुख्यअतिथि को सम्मानित करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

## शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन अलर्ट:डीसी

■ जिला प्रशासन ने नागरिकों से किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की है अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर किए गए आतंकी हमले के मद्देनजर जिला में शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है। जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान ना दें।

इसके साथ ही सोशल मीडिया पर भ्रामक व भडक़ाऊ तथा आपत्तिजनक पोस्ट डालने वालो पर साईबर सैल की पैनी नजर है। ऐसे करने वालों के खिलाफ पुलिस प्रशासन सख्ती से निपटेगा।

उल्लेखनीय है कि 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगांव स्थित बैसारन पिकनिक स्पॉट पर आतंकवादियों ने पर्यटकों पर कायराना हमला किया। आतंकवादियों द्वारा किए गए नरसंहार में 26 लोगों को अपनी जान गवानी पड़ी। इस घटना के चलते हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने प्रदेश में अमन-चैन, शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिलाधिकारियों को वीसी के माध्यम से जरूरी निर्देश दिए। इस दौरान डीसी महावीर कौशिक के साथ-साथ पुलिस अधीक्षक मनबीर सिंह भी मौजूद रहे। इस दौरान डीसी और एसपी ने जिले वासियों से आह्वान करते हुए कहा है कि जिला प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट है। सभी भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में पुलिस प्रशासन द्वारा निगरानी की जा रही है। यदि कोई भी संदिग्ध व्यक्ति नजर आता है तो उनसे पूछताछ की जा रही है। वाहनों की भी छानबीन की जा रही है।

इसके साथ जिलाधिकारियों ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि वे अपने आस-पास क्षेत्र में हर गतिविधि पर नजर रखें। यदि कोई संदिग्ध व्यक्ति नजर आता है तो उसके बारे में प्रशासन को सूचना दें।

## विद्यार्थियों को बताएं मलेरिया के लक्षण और बचाव के तरीके

■ विद्यार्थियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना जरूरी : प्राचार्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

विश्व मलेरिया दिवस पर श्रीमहावीर जैन स्कूल में शुक्रवार को जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम स्वास्थ्य विभाग और विद्यालय प्रबंधन के संयुक्त प्रयास से संपन्न हुआ, जिसमें हैल्थ इंस्पेक्टर जगदीश प्रसाद जांगड़ा के नेतृत्व में एमपीएचडब्ल्यू श्याम सुंदर, कुलदीप सिंह, सुनील कुमार, रविंद्र, परमजीत सिंह, सुरेश की टीम पहुंची तथा विद्यार्थियों को मलेरिया के लक्षण, कारण और बचाव के उपायों के बारे में जानकारी दी।

इस मौके पर विद्यालय प्राचार्या पुष्पा देवी ने कहा कि मलेरिया एक परजीवी जनित रोग है, जो एनोफिलीज मच्छर के काटने से फैलता है। इसके प्रमुख लक्षणों में बुखार, सिरदर्द, ठंड लगना, शरीर में दर्द और थकावट शामिल हैं। कुछ मामलों में मलेरिया जानलेवा भी हो सकता है, इसलिए समय पर पहचान व उपचार आवश्यक है। प्राचार्या ने कहा कि पानी जमा न होने देना, मच्छरदानी का उपयोग करना, पूरे शरीर को ढ़कने वाले कपड़े पहनना, और समय-समय पर घरों में दवाओं का छिड़काव करवाएं।


**भिवानी।** महावीर जैन स्कूल में विद्यार्थियों को मलेरिया के प्रति जागरूक करते अतिथि व शिक्षक। *फोटो :हरिभूमि*

### डीईओ व डिप्टी डीईओ ने प्रशिक्षण शिविर का लिया जायजा

## प्रदेशभर से 10 लड़के व 11 लड़कियां हिस्सा ले रहे

■ प्रशिक्षण शिविर में प्रदेश भर से 10 लडक़े व 11 लड़कियां ले रहे है हिस्सा : डीईओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

आगामी 30 अप्रैल से 5 मई तक दिल्ली में 68वीं राष्ट्रीय स्तरीय स्कूली खेल प्रतियोगिता का आयोजन करवाया जाएगा। इस प्रतियोगिता में अंडर-19 आयु वर्ग के लडक़े व लड़कियां भाग लेंगे। प्रतियोगिता के लिए 28 अप्रैल तक स्थानीय राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 5 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कोच सत्यवान की देखरेख में लगाए गए प्रशिक्षण शिविर की व्यवस्थाओं का जायजा लेने शुक्रवार को भिवानी के जिला शिक्षा अधिकारी सुभाष चंद्र व उप जिला शिक्षा अधिकारी शिवकुमार तंवर पहुंचे तथा खिलाडिय़ों के रहने, खाने व सहित अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी दी। यह जानकारी शारीरिक शिक्षक विनोद पिंकू ने दी। प्रशिक्षण शिविर में व्यवस्थाओं का जायजा लेने पहुंचे डीईओ सुभाष चंद्र व डिप्टी डीईओ शिवकुमार तंवर ने कहा कि भिवानी जिला ने पहले भी कई राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं की सफल मेजबानी की है तथा उन्हे पूरा विश्वास है कि इस प्रशिक्षण शिविर के सफल आयोजन में किसी प्रकार की कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने प्रशिक्षण शिविर के सफल समापन के सभी को निर्देश दिए। शारीरिक शिक्षक विनोद पिंकू ने बताया कि राज्य स्तरीय स्कूली खेल प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाडिय़ों का चयन इस राष्ट्रीय स्तरीय स्कूली खेल प्रतियोगिता में किया गया है। उन्होंने बताया कि लड़कियों की टीम कोच पूनम रोहतक, लडक़ों की टीम कोच चीनू खरक है। वही प्रतियोगिता के लिए टीम मैनेजर राजेश सिवाच को नियुक्त किया गया। उन्होंने बताया कि भिवानी में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में प्रदेश भर से 10 लडक़े व 11 लड़कियां हिस्सा ले रहे है। इस अवसर पर एईओ डा. अनिल, प्रीतपाल डीपीई, देवेंद्र अत्री, अरविंद कौशिक, जीतपाल शर्मा, शैलेंद्र पीटीआई, राजेश सिवाच, मीनू पीटीआई बिठन, उर्मिला पीटीआई, विनोद बाला पीटीआई तिगड़ी, कमलेश पीटीआई, वीरेंद्र डीपीई मीरान आदि मौजूद रहे।


**भिवानी।** चयनित खिलाडियों से बातचीत करते जिला शिक्षा अधिकारी।

## खबर संक्षेप

### हमले का भारतीय मजदूर संघ ने विरोध जताया

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा स्थित दक्षिणी हरियाणा बिजली वितरण निगम कार्यालय के प्रांगण में भारतीय मजदूर संघ के बैनर तले अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ की सब यूनिट बवानी खेड़ा की बैठक आयोजित की गई। जिसमें पहलगाम में की गई उग्रवादियों ने निर्दोष 26 पर्यटकों की हत्याओं को लेकर घोर निंदा की तथा दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा तथा सख्त कदम उठाने की मांग की गई।

### सलमान के हत्यारों को किया गिरफ्तार

**भिवानी।** थाना शहर पुलिस भिवानी ने डाबर कॉलोनी निवासी व्यक्ति की हत्या करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार चारा मंडी भिवानी के पास एक व्यक्ति मृत अवस्था में पड़ा हुआ था। जिसकी पहचान सलमान पुत्र ईद मोहम्मद निवासी डाबर कॉलोनी भिवानी के रूप में हुई थी। थाना शहर पुलिस भिवानी ने मृतक के पिता की शिकायत पर आरोपियों के विरुद्ध केस दर्ज किया था।

### जागरूकता पखवाड़े का आयोजन 30 तक

**भिवानी।** डीसी महावीर कौशिक के मार्गदर्शन में मत्स्य पालन विभाग द्वारा 15 से 30 अप्रैल तक विशेष जागरूकता पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें जिला, खंड और गांव स्तर पर कार्यक्रमों का आयोजन कर नागरिकों को मछली पालन की जानकारी दी जा रही है। मछली पालन की विभिन्न योजनाओं के तहत 40 से 60 प्रतिशत सब्सिडी दी जा रही हैं। अधिक जानकारी के लिए लघु सचिवालय स्थित जिला मत्स्य अधिकारी कार्यालय का कमरा नंबर 115 में संपर्क कर सकते हैं।

### पहलगाम की घटना को मानवता विरोधी बताया

**लोहारू।** तीन दिन पहले जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों द्वारा किए गए जघन्य हत्याकांड पर लोहारू सनातन हिन्दू जागृति संगठन सहित अनेक संगठनों के लोगों ने गहरा रोष प्रकट किया है। जघन्य हत्याकांड में दिवंगत आत्मा की शांति के लिए सनातन हिन्दू जागृति संगठन के तत्वावधान में स्थानीय स्वर्ण जयंती पार्क में विभिन्न सामाजिक संगठनों व आम लोगों ने मौन धारण शांति के लिए भगवान से प्रार्थना की।

### कई संगठनों ने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की

**लोहारू।** पूरे देश के लोग इन दिनों पहलगाम आतंकी हमले की निंदा कर रहे हैं और लोगों में पाकिस्तान के साथ साथ आतंकी घटनाओं को अंजाम देने वाले लोगों के प्रति भारी आक्रोश है। इसी सिलसिले में बीती सांय आदर्श रामलीला कमेटी के सदस्यों ने शहर की बोहरा धर्मशाला में एकत्रित होकर आतंकी हमले की कड़े शब्दों में निंदा की।

### मशाल जुलूस निकाल कर की कार्रवाई की मांग

**भिवानी।** पहलगाम में पर्यटकों की नृशंस हत्या के विरोध में शुक्रवार शाम को जिला बार एसोसिएशन के प्रधान संदीप तंवर की अगुवाई में शहर में मशाल जुलूस निकाला गया। यह मशाल जुलूस कोर्ट परिसर से पुराना बस स्टैंड, महाराणा प्रताप चौक होते हुए शहीद स्मारक नेहरू पार्क पर समाप्त हुआ।

### कायरतापूर्ण आतंकवादी हमले की निंदा की

**तोशाम।** जम्मू-कश्मीर में पर्यटकों की गोली मारकर हत्या की कड़ी निंदा करते हुए एसयूसीआई (सी) ने तोशाम के पंचायत घर में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की। जिसकी अध्यक्षता आजाद अली ने की। जिसमें शहीदों को 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर पार्टी के जिला सचिव रोहतास सिंह सैनी ने कहा कि देश के सभी लोगों के साथ-साथ हम भी जम्मू-कश्मीर में कथित जनसांख्यिकी परिवर्तन के प्रतिशोध के नाम वारदात की।

---

### आतंकवाद की सोच को खत्म करने के लिए राष्ट्र का एकजुट होना जरूरी: मनदीप

# युवाओं ने पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों को कैंडल मार्च निकालकर दी श्रद्धांजलि

- आतंकी हमले की कायराना करतूत की जमकर निंदा करते हुए सरकार से आतंकवाद के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी


**भिवानी।** आतंकी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए शहर में कैंडल मार्च निकालते युवा। फोटो : हरिभूमि

पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगो को श्रद्धांजलि देने के लिए युवा नेता मनदीप सुई के नेतृत्व में टीम सदस्यों ने बासिया भवन से हांसी गेट तक कैंडल मार्च निकाला और आतंकी हमले की कायराना करतूत की जमकर निंदा करते हुए सरकार से आतंकवाद के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की। इस मौके पर मनदीप सूई ने कहा कि ये हमला मात्र आतंकी हमला नहीं, बल्कि मानवता की हत्या हैं। उन्होंने कहा कि मानवता के हत्यारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म के लोगों से उनका धर्म पूछकर मारना स्पष्ट तौर पर हिंदू विरोधी हरकत है, जिसे बर्दास्त नहीं किया जाना चाहिए। मनदीप ने कहा कि पिछले कुछ समय से देश के विभिन्न राज्यों से हिंदुओं पर हमले होने की घटनाएं निरंतर आती रही है, जो हिंदुओं की सुरक्षा पर प्रश्न चिह्न लगाता है। देश अब और हिंसा सहन नहीं करेगा तथा इस दिशा में केंद्र सरकार को सख्त कदम उठाने की जरूरत है।

### मृतकों को दी गई श्रद्धांजलि

**भिवानी।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय रूद्र कॉलोनी दिव्य भवन में आनंदमई भट्टी का आज आयोजन किया, जिसमें बहादुरगढ़ सेवा केंद्र की मुख्य संचालिका बीके अंजलि दीदी ने भट्टी का उद्देश्य बताते हुए कहा कि समस्याएं केवल खेल हैं, जो जीवन में आगे बढ़ाने की प्रेरणा देती हैं। इन समस्याओं भरे जीवन में अगर आध्यात्मिकता को अपनाते हुए परमपिता परमात्मा शिव के साथ संबंध जोड़ ले तो समस्या रूपी खेल को खेलने में आनंद आएगा। उन्होंने कहा कि पहाड़ जैसी परिस्थितिया राई के समान छोटी हो जाएगी, शिव के साथ से हलाहल भी अमृत बन जाएगा और नहीं तो जीवन विष के समान लगेगा। इस अवसर पर बीके रजनी बहन ने बताया परमात्मा के साथ रहकर उनसे शक्तियां लेते हुए शिव शक्ति बन जाए और सारे विश्व के कल्याण के लिए सहयोग दें और कुमारी तनु बहन ने मंच का संचालन किया पहलगाम में हुई दुखद घटना पर सभी सभी मृतकों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए तीन मिनट का मौन भी रखा। इस अवसर पर बीके सुभाष गोयल, बीके राजकुमार, बीके कमल, बीके खुशवीर, बीके संगीता, बीके रुद्रांशी व अन्य सैंकड़ों ब्रह्माकुमार व ब्रह्माकुमारी गांव तिगराना हालुवास व बीरन से उपस्थित हुए।

इस अवसर पर विनीत, सचिन, आकाश नेहरा, अक्षय सांगवान, यशवीर, विवेक यादव, अभि बजाड़, दीपक, विनीत चौधरी, अजय चौधरी, रोहित धानिया, रविंद्र शर्मा, संदीप भारद्वाज आदि


**भिवानी।** पहलगाम में आतंकियों के हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देते श्रीअग्रवाल सभा के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

# पहलगाम आतंकी हमले के मृतकों को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

श्री अग्रवाल सभा भिवानी द्वारा जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों द्वारा भीषण नरसंहार में शहीद हुए लोगों के लिए एक श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। श्रद्धांजलि सभा में समाज के सभी लोगों ने मोमबत्तियां जलाकर शहीद लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस घटना का सभी लोगों में बहुत ही रोष था और सभी ने एक स्वर में सरकार को आतंकियों के खिलाफ कड़ा कदम उठाने का संदेश दिया। इस अवसर पर श्रीअग्रवाल सभा के प्रधान सुनील सरार्फ ने बताया कि देश में आतंक के लिए कोई जगह नहीं है।

इस अवसर पर सभा के कोषाध्यक्ष मनीष वैद, समाजसेवी सुशील बुवानीवाला, प्रकाश मित्तल, सुरेश कागजी, आशीष मित्तल, रामअवतार गुप्ता, सुभाष गोयल, आशीष बंसल, रतन लोहिया, लख्मीचंद अग्रवाल, इंद्र केडिया, प्रकाश मोडा, राजेश बंसल, गोपाल कुम्हारीवाला, सुभाष बसिया, ललित मित्तल, संजय सिंगला, राजेंद्र गुप्ता, सीताराम अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

# वेटरन संगठन ने पहलगाम हमले में मारे गए लोगों को दी श्रद्धांजलि

- हमले के दो घंटे बाद भी मदद न पहुंचना साजिश की ओर ईशारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी


**भिवानी।** शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर पहलगाम हमले के मृतकों को श्रद्धांजलि विभिन्न संगठनों के लोग। फोटो : हरिभूमि

वेटरन संगठन ने नेहरू पार्क स्थित शहीद स्मारक पर शुक्रवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। इस दौरान जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए लोगों को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर वेटरन संगठन प्रधान सुबेदार मेजर बिरेंद्र सिंह ग्रेवाल ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमला में 28 पर्यटकों की मौत हो गई और 17 घायल भी हो गए। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों द्वारा एक धर्म विशेष को निशाना बनाकर निर्दोष लोगों की हत्या की गई। इस अवसर पर किसान सभा के जिला उपप्रधान कामरेड ओमप्रकाश ने कहा कि आतंकवादियों का स्पष्ट तौर पर उदेश्य देश में आपसी नफरत पैदा करना व विभाजन पैदा करना है।

# आतंकी हमले में मारे गए लोगों को दी श्रद्धांजलि

### वूमैन हैल्पिंग सोसायटी व इंडियन वेटरनस आर्गेनाईजेशन ने निकाला कैंडल मार्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी


**भिवानी।** कैंडल मार्च निकालती वूमैन हैल्पिंग सोसायटी व इंडियन वेटरनस आर्गेनाईजेशन की सदस्या। फोटो : हरिभूमि

वूमैन हैल्पिंग सोसायटी की संचालिका व प्रदेश अध्यक्षा एवं इंडियन वेटरनस आर्गेनाईजेशन की प्रदेश संरक्षक सुशीला देवी सिंह के नेतृत्व में सदस्यों ने पहलगाम हमले में काल का ग्रास बने नागरिको की आत्मा की शांति के लिए कैंडल मार्च निकाला तथा श्रद्धांजलि दी। कैंडल मार्च में दर्जनों महिलाओं ने भाग लिया और हमले की निंदा करते हुए देश में शांति और एकता की अपील की। सुशीला सिंह ने कहा कि महिलाएं यहां एकत्रित होकर न सिर्फ शहीदों को श्रद्धांजलि दे रही हैं, बल्कि एक मजबूत संदेश भी दे रही हैं कि आतंक के खिलाफ पूरा देश एकजुट है। उन्होंने कहा कि यह कैंडल मार्च ना सिर्फ एक श्रद्धांजलि, बल्कि देश की जनता की उस आवाज का प्रतीक भी है जो आतंक के विरुद्ध एकजुट होकर खड़ी है। उन्होंने सरकार से आतंकवाद के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की और पीड़ित परिवारों के लिए मुआवजे तथा मानसिक सहयोग की व्यवस्था करने का आग्रह किया। मार्च के अंत में दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी और सभी ने मोमबत्तियां स्मारक के समक्ष रखी। इस अवसर पर ममता अरोड़ा, सनील प्रधान, मनोज गोयल, शिवकुमार राठी, सिमरन अरोड़ा, कविता, रविना, रीमा गोयल, राशि कटारिया, सुमन, जतिन, कबीन, अर्जुन, रोबिन, डेविड, रोहित, हर्ष, शुभम, गोलू आदि मौजूद रहे।

# हमले के विरोध में मस्जिद कमेटी ने फूंका आतंकवाद का पुतला

### कश्मीर में आंतकवाद के लिए पाकिस्तान को जिम्मेदार मानता है भारत का मुस्लिम समाज: जोरावर

- जम्मू-कश्मीर व आतंकी घटनाओं के प्रति संवेदनशील क्षेत्रों में कड़ी सुरक्षा करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



**भिवानी।** आतंकवाद का पुतला फूंकते मस्जिद कमेटी के प्रधान जोरावर अली व मुस्लिम समुदाय के लोग।

मस्जिद कमेटी ढ़ाणा रोड की तरफ से शुक्रवार की नमाज अता करने के बाद मुस्लिम समाज ने कश्मीर के पहलगाम घाटी में आतंकवादियों द्वारा 28 पर्यटकों की निर्मम हत्या करने के विरोध में काली पट्टी बांधकर रोष प्रदर्शन किया तथा पाकिस्तान परस्त आंतकवाद का पुतला फूंककर जोरदार नारेबाजी की। मस्जिद कमेटी ने केंद्र सरकार से मांग की कि आतंकवादियों को ऐसा सबक सिखाया जाए, जिसकी उन्होंने कभी कल्पना भी नहीं की हो। विरोध प्रदर्शन के दौरान सभी लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर पर्यटकों की आत्मा की शांति के लिए दुआएं मांगी। मस्जिद कमेटी के प्रधान जोरावर अली ने कहा कि निर्दोष बेकसूर पर्यटकों की निर्मम हत्या करना मानवता की हत्या करना है।

# अब पाकिस्तान में पानी और खून एक साथ नहीं बहेगा: जितेन्द्र

- एसवाईएल हिमाचल मार्ग समिति के अध्यक्ष ने कहा-पाकिस्तान द्वारा कृत्य से बहे खून के एक-एक कतरे का बदला लिया जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

एसवाईएल हिमाचल मार्ग समिति के अध्यक्ष जितेन्द्र नाथ ने पहलगांव आंतकी हमले पर संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि पाकिस्तान द्वारा कृत्य से बहे खून के एक-एक कतरे का बदला लिया जाए तथा भारत सरकार द्वारा लिए गए फैसलों में सिंधु जल समझौता 1960 को स्थगित किए जाने पर संतोष व्यक्त किया और स्वागत किया।

उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है पानी और खून एक साथ नहीं बहेगा। समझौता स्थगित फैसले पर पाकिस्तान कह रहा है पानी कैसे रोक सकते हैं, पानी तो आएगा। पाकिस्तान इस गलत फहमी में न रहे हम पाकिस्तान को सचेत करना चाहते हैं। हरियाणावासियों ने रावि, ब्यास, सतलुज, झेलम नदियों का पानी पाकिस्तान न जाकर भारत की मातृभूमि में सद्उपयोग हो, इसके लिए एसवाईएल हिमाचल मार्ग समिति ने प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार कर रखी है। इस प्रस्ताव के माध्यम से हम कहना चाहते कि ये पाकिस्तान को बहुत बड़ा सबक होगा, भारत को भारत के हिस्से का पानी मिलेगा।


मृतकों की आत्मा शांति के लिए प्रार्थना करते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### हमले में मृतकों की आत्मा के शांति के लिए प्रार्थना

**चरखी दादरी ।** एसडी एकेडमी परिसर में पहलगाम में आंतकी हमले में मारे गए नागरिकों की आत्मा शांति हेतु प्रार्थना की गई। एकेडमी संचालक अशोक रंगा की अगुवाई में स्टाफ सदस्यों व युवा विद्यार्थियों द्वारा इस हमले के आरोपियों को सजा ए मौत देने की मांग की गई। इसके साथ ही हमले के साजिशकर्ता पड़ोसी देश व उसके आश्रय में पलने वाले आंतकियों को कड़ी से कड़ी सजा देने के लिए आवाज बुलंद की गई। व्यवस्थापक योगिता रंगा व प्रधान सोमवीर रंगा ने कहा कि आंतकवाद आज पूरे विश्व में बड़ी समस्या बन चुका है, संसार की शांति के लिए सबसे बड़ा खतरा ही आतंक है। जिसको हर हाल में खत्म करना होगा।

### धर्मसेना ने कैंडल मार्च निकालकर मृतकों को दी श्रद्धांजलि

**चरखी दादरी।** पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गए लोगो को श्रद्धांजलि देने के लिए धर्मसेना संगठन के बैनर तले विभिन्न सामाजिक संगठनो ने बाढ़ड़ा के मुख्य क्रांतिकारी चौक पर कैंडल मार्च निकाला और आतंकी हमले की कायराना करतूत की जमकर निंदा करते हुए सरकार से मामले में कठोर कार्यवाही करते हुए आतंकवाद के खिलाफ सख्त कार्यवाही किए जाने की मांग की। धर्मसेना के प्रदेश अध्यक्ष बलवान सिंह आर्य व जिलाध्यक्ष प्रदीप बाढ़ड़ा ने कहा कि हमला मात्र एक आतंकी हमला नहीं, बल्कि मानवता की हत्या है तथा मानवता के हत्यारों के खिलाफ सख्त से सख्त की जानी चाहिए।

# भारत की नौजवान सभा ने निकाला कैंडल मार्च

### निर्दोष पर्यटकों की निर्मम हत्या के दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



**भिवानी।** शहर में कैंडल मार्च निकालते भारत की नौजवान सभा के सदस्य।

भारत की जनवादी नौजवान सभा ने कश्मीर के पहलगांव में आतंकवादियों द्वारा निर्दोष पर्यटकों की निर्मम हत्या की घिनौनी कायराना हरकत की कड़े शब्दों में निंदा की तथा भिवानी शहर में विरोध स्वरूप कैंडल मार्च निकालकर दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्यवाही की मांग की। सभा ने हमले के शिकार पर्यटकों की असामयिक मृत्यु पर गहरा दुःख जताया तथा शोक संतप्त परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना प्रकट की तथा घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। मृतकों की याद नेहरु पार्क में शोक सभा रखी तथा उनकी आत्म की शांति के लिए दो मिनट मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता सभा के संयोजक अनुराग ने की। सभा के संयोजक अनुराग ने कहा कि पुलवामा हमले के बाद आतंकवादियों द्वारा किया गया ये दूसरा बड़ा हमला है और इस हमले ने मोदी शाह की जोड़ी के खोखले दावों को उजागर कर दिया कि कश्मीर में सब कुछ ठीक नहीं है और धारा 370 व 35ए की समाप्ति पर राज्य में शान्ति एवं सामान्य स्थिति बहाल नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि फरवरी 2019 में पुलवामा हमले में सीआरपीएफ के 47 जवान शहीद हुए थे और आतंकवादियों का ये दूसरा कायराना हमला है, जिसमें सुरक्षाव्यवस्था में भारी चूक हुई है, जिसकी जिम्मेदारी राज्य व केंद्र दोनों सरकारे है। जब केन्द्र सरकार को मालूम है कि राज्य पाकिस्तान प्रयोजित आतंकवादी गतिविधियों से कुप्रभावित है और कुछ दिन पहले सुरक्षा की जांच पड़ताल करें।

**ज्ञापन** भीषण गर्मी के चलते छात्रों की एकाग्रता एवं पढ़ाई पर पड़ रहा बुरा असर: ललित

# एबीवीपी ने सीबीएलयू की कक्षाओं में एसी लगाने को लेकर कुलसचिव को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी


सीबीएलयू की कक्षाओं में एसी लगाने को लेकर कुलसचिव को ज्ञापन सौंपते एबीवीपी के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय में कक्षा कक्षों में एयर कंडीशनर लगवाने की मांग को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को नगर मंत्री ललितराज के नेतृत्व में सीबीएलयू कुलसचिव को मांगपत्र सौंपा और भयंकर गर्मी का देखते हुए इस मांग को जल्द से जल्द पूरी करने की मांग की। इस मौके पर इकाई अध्यक्ष एवं प्रांत राज्य विश्वविद्यालय कार्य संयोजक प्रियंकल शर्मा व भिवानी नगर मंत्री ललित राज दिनोद ने कहा कि दिन प्रतिदिन तापमान बढ़ता जा रहा है, जिसका असर विद्यार्थियों के स्वास्थ्य पर भी पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी के चलते कक्षाओं में पढ़ाई करना बेहद मुश्किल हो गया है, जिससे उनकी एकाग्रता और पढ़ाई पर बुरा असर पड़ रहा है। सीबीएलयू में अधिकतम कक्षाएं बिना किसी कूलिंग सुविधा के संचालित हो रही हैं तथा लगातार बढ़ रहे तापमान के बीच छात्रों को गर्मी से राहत नहीं मिल पा रही है, ऐसे में एबीवीपी मांग करती है कि सीबीएलयू की कक्षाओं में एयर कंडीशनर लगवाए जाएं और जिन कक्षाओं में एसी है उनको सुचारू रूप से चलाया जाए, ताकि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिल सके। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में विद्यार्थियों के स्वास्थ्य और पढ़ाई दोनों को ध्यान में रखते हुए जल्द से जल्द कक्षाओं में एयर कंडीशनर लगवाने चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि अगर जल्द समाधान नहीं हुआ, तो वे विरोध प्रदर्शन का रास्ता भी अपना सकते हैं। इस अवसर पर रोबिन जांगड़ा, रवि भारद्वाज प्रेमनगर, आकाश गोयत, रवि, विशाल दिनोद उपस्थित रहे।

# जनसमस्याओं का निदान करवाना हमारी प्राथमिकता: सांगवान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी


विधायक सुनील सांगवान का आभार जताते कबीर नगर निवासी।

भाजपा के दादरी विधायक सुनील सांगवान ने कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता दादरी हलका के लोगों को सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाना है, जिसके लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जाएगी। भाजपा की नायब सैनी ऐसी सरकार है, जो शहर के साथ गांवों में विकास को तरजीह दे रही है। विधायक सुनील सांगवान ने शुक्रवार को कैंप कार्यालय में जनसमस्याएं सुनी और निदान बारे संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान कबीर नगर के निवासियों ने सीवर समस्या का समाधान होने पर विधायक सांगवान का धन्यवाद किया और कहा कि विधायक द्वारा उनकी वर्षों पुरानी सीवरेज समस्या का समाधान करवा दिया है। विधायक सुनील सांगवान ने लोगों से सीधा संवाद करते हुए कहा कि आज हरियाणा का चहुंमुखी विकास बिना भेदभाव के हो रहा है, जिसका पूर्ण श्रेय हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को जाता है। आज प्रदेश के हर गांव, शहर, मोहल्ला व ढाणियों में विकास के निर्माण कार्य स्पष्ट दिखाई दे रहें है। दादरी क्षेत्र को भी हर दृष्टि में अग्रणी रखने का प्रयास किया जाएगा। इस क्षेत्र के विकास के लिए प्रदेश सरकार द्वारा दिल खोलकर धन उपलब्ध करवाया जा है।